**Ans. (c) :** किडनी की कार्यात्मक इकाईयाँ नेफ्रॉन होती है। प्रत्येक किडनी में लगभग 1–1.5 Million Nephrons होते हैं, जो Blood को फिल्टर करने, अपशिष्ट पदार्थों को हटाने इलेक्ट्रोलाइट संतुलित करने और शरीर में पानी के स्तर को नियंत्रित करने का काम करते हैं।

**48. Connected system of hollow cavities in the skull are;**
**खोपड़ी में खोखले गुहाओं की संयोजित प्रणाली _____ है।**

(a) Meatus/मीएटस (b) Fossa/फोसा
(c) Sinus/साइनस (d) Process/प्रोसेस

**Ans. (c) :** खोपड़ी में जुड़े हुए खोखले गुहाओं (cavities) के सिस्टम को "Paranasal Sinus" कहा जाता है। ये Sinus वायु से भरी हुई Space होती है, जो Nasal cavity के चारो ओर स्थित होती है। यह मुख्य चार प्रकार के होते हैं।

1. Maxillary sinus
2. Frontal sinus
3. Ethmoid sinus
4. Sphenoid sinus

**49. Which one of the following materials is used in Digital Radiography (DR)?**
**डिजिटल रेडियोग्राफी (DR) में निम्नलिखित कौन से पदार्थ का इस्तेमाल होता है?**

(a) a-selenium/a-सेलेनियम
(b) Sodium Iodide/सोडियम आयोडाइड
(c) Barium fluorohalide/बेरियम फ्लूरोहैलाइड
(d) Silver halide/सिल्वर हैलाइड

**Ans. (a) :** डिजिटल रेडियोग्राफी (DR) में विभिन्न प्रकार की तकनीकों के आधार पर कई सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। जैसे- (a-si) एमॉर्फस सिलिकॉन, (a-sc) एमॉर्फस सेलेनियम- इसका उपयोग डायरेक्ट फ्लेट-पैनल डिटेक्टरों में किया जाता है, यह बिना किसी सिंटिलेटर के, सीधे X-Ray को विद्युत चार्ज में परिवर्तित करता है।

**50. Which is true of a placebo?**
**कूटभेषज ( प्लेंसिबो ) के लिए क्या सच है?**

(a) Is a substance that has no therapeutic effect/एक पदार्थ है, जिसका कोई चिकित्सीय प्रभाव नहीं है
(b) Is unethical/अनैतिक है
(c) Should not be used to test new drugs/नई दवाओं के परीक्षण के लिए इस्तेमाल में नही लाना चाहिए
(d) Is a kind or animal experiment/एक तरह का पशु प्रयोग है

**Ans. (a) :** कूटभेषज (Placebo) एक ऐसा पदार्थ या उपचार है जिसमें कोई सक्रिय गुण नहीं होते है अर्थात् इसका कोई चिकित्सकीय प्रभाव नहीं है, लेकिन इसका उपयोग किसी सक्रिय दवा या परीक्षण किए जा रहे उपचार के स्थान पर किया जाता है।

**51. Somatic effects**
**शारीरिक प्रभाव _____।**

(a) Appear in the individual who is exposed to radiation/उस व्यक्ति में दिखाई पड़ता है, जो विकिरण के संपर्क में है
(b) Do not occur in diagnostic radiology/चिकित्सीय नैदानिक रेडियोलॉजी में नही होता है।
(c) Occur in future descendants of the radiation-exposed individual/विकिरण के संपर्क में आए लोगो की आने वाली पीढ़ियों में होता है
(d) Are not a biological effect of radiation/विकिरण का कोई जैविक प्रभाव नहीं है

**Ans. (a) :** Somatic effects का तात्पर्य उस स्वास्थ्य प्रभाव से है जो सीधे उस व्यक्ति में दिखाई पड़ता है, जो आयनकारी विकिरण (Ionizing Radiation) के संपर्क में आता है। जैसे- Acute Somatic Effects
Chronic somatic effects

**52. TLD badges use**
**टीएलडी (TLD) बैज में _____ इस्तेमाल होता है।**

(a) Only one crystal disc/केवल एक क्रिस्टल डिस्क
(b) CaSO4:Dy-Teflon discs/ CaSO4: डाई-टेफ्लॉन डिस्क
(c) Lithium fluoride discs/लिथियम फ्लूराइड डिस्क
(d) No filters/कोई फिल्टर नहीं

**Ans. (b) :** टी.एल.डी. (TLD) बैज Thermoluminescent dosimeter badge) एक उपकरण है जो विकिरण जोखिम को मापता है। TLD में प्रयुक्त पदार्थ $CaSO_4$ डाई-टेफ्लॉन डिस्क है। डिस्क को धातु की पन्नी या एल्युमीनियम प्लेट द्वारा परिरक्षित किया जाता है।
TLD बैज का उपयोग विकिरण खुराक (Dose) को मापने के लिए किया जाता है। गर्म होने पर TLD बैज प्रकाश के रूप में विकिरण ऊर्जा उत्सर्जित करता है तथा इस उपकरण द्वारा एक्सपोजर रिकॉर्ड करने के लिए मापा जाता है।

**53. Which one of the following MRI pulse sequences produces fluid suppressed images?**
**निम्नलिखित MRI पल्स अनुक्रमों में से कौन सा द्रव द्वारा दमित छवियों का उत्पादन करता है?**

(a) Turbo Spin Echo/टर्बो स्पिन इको
(b) FLAIR/एफएलएआईआर
(c) SPIR/एसपीआईआर
(d) STIR/एसटीआईआर

**Ans. (b) :** FLAIR द्वारा MRI पल्स अनुक्रमों में कौन-सा द्रव दमित छवियों को उत्पन्न किया जाता है। FLAIR का पूरा नाम Fluid-attenuated inversion recovery है। यह एक चुम्बकीय अनुनाद इमेजिंग (MRI) तकनीक है, जो मस्तिष्कमेरू द्रव (CSF) से संकेत को दबाते हुए लंबे समय तक $T_2$ वाले ऊतक के क्षेत्रों को उजागकर करती है। यह तकनीक मस्तिष्कमेरू द्रव (Cerebrospinal fluid) के पास घावों की पहचान करने के लिए उपयोगी है।

**54. The relative humidity of a dark room should be maintained at around**
**एक डार्क रूम की सापेक्ष अर्द्धता को लगभग _____पर बनाए रखना चाहिए।**

(a) 60 to 80% (b) 70 to 90%
(c) 80% (d) 41 to 60%

**Ans. (d) :** डार्करूम के लिए आदर्श सापेक्ष आर्द्रता 40% से 60% के बीच होती है। बहुत कम आर्द्रता का स्तर फोटोग्राफिक पेपर को नुकसान पहुँचा सकता है और इलेक्ट्रोस्टैटिक डिस्चार्ज (ESD) के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**55. According to AERB specifications, the x-ray unit room should have at least**
**एईआरबी (AERB) विशेष निर्देशों के अनुसार, एक्स-रे यूनिट कमरों में कम से कम _____ होनी चाहिए।**

(a) 1 mm lead lined door/1 mm सीसे की परत लगा दरवाजा
(b) 17 cm concrete wall/17 cm कंक्रीट की दीवार
(c) 1 mm lead wall/1 mm सीसा की दीवार
(d) 23 cm brick wall/23 cm ईंटों की दीवार

**Ans. (d) :** AERB विशेष निर्देशों के अनुसार एक्स-रे यूनिट के कमरों में कम से कम 23 सेमी, ईंटों की मोटी दीवार होनी चाहिए।
AERB का पूरा नाम Atomic Energy Regulatory Board है, जिसके द्वारा X-Ray यूनिट एवं अन्य एटॉमिक विकिरण उत्पन्न करने वाले यूनिटों के स्थापना के संबंध में विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

**56. The mutual electrostatic force between two point charges is defined by**
**_____ नियम की मदद से दो बिंदु आवेशों के बीच आपसी स्थिरविद्युत बल को परिभाषित किया गया है।**

(a) Coulomb's law/ कूलॉम का नियम
(b) Ohm's law/ओम का नियम
(c) Gauss's law/गाऊस का नियम
(d) Newton's law/न्यूटन का नियम

**Ans. (a) :** कूलॉम के नियम (Coulomb's law) की सहायता से दो बिंदु आवेशों के बीच आपसी स्थिर विद्युत बल को परिभाषित किया गया है।

कूलॉम के नियम का गणितीय व्यंजक निम्नलिखित है

$$F = K \frac{q_1 q_2}{r^2}$$

यहाँ F कूलॉम बल है जो दोनों r दूरी पर स्थित आवेशों $q_1$ तथा $q_2$ के मध्य कार्य करता है। यहाँ K अनुपातिक स्थिरांक है, जिसे कूलॉम नियतांक (Coulomb's constant) भी कहते हैं। S.I. यूनिट में K का मान $8.99 \times 10^9$ $N.m^2/C^2$ होता है।

**57. Who won the australian open 2019 men's single title?**
**ऑस्ट्रेलियन ओपन 2019 में पुरूष एकल का खिताब किसने जीता था?**

(a) Novak Djokovic/नोवाक जोकोविक
(b) Rafeel nadal/राफेल नडाल
(c) Roger Federer/रोजर फेडरर
(d) Andy Murray/एंडी मरे

**Ans. (a) :** नोवाक जोकोविक (Novak Djkovic) ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में राफेल नडाल (Rafael Nadal) को हराकर पुरुष एकल टेनिस खिताब जीता था और महिला वर्ग में में आस्ट्रेलियन ओपन 2019 का खिताब नाओमी ओसाका ने जीता था।

**58. Dark rooms have**
**डार्क रूम में _____ होना चाहिए।**

(a) At least two doors exactly opposite/कम से कम दो दरवाजे आमने-सामने
(b) Green safe lights/हरी सुरक्षित रोशनी
(c) Dry and wet benches/सूखे और गीले बेंच
(d) Manual processing tools only/केवल मैनुअल प्रसंस्करण उपकरण

**Ans. (c) :** डार्करूम रेडियोलॉजी के लिए महत्वपूर्ण जगह है जहाँ फिल्म को प्रोसेस किया जाता है। डार्करूम में पर्याप्त स्थान के साथ-साथ इसे Lightproof होना बहुत आवश्यक है। डार्करूम में फिल्म को प्रोसेस करने के लिए सूखी और गीली बेंच दोनों होनी चाहिए।

**59. Centering for calcaneal axial view is**
**पार्ष्णिका अक्षीय (calcaneal axial) व्यू का केंद्रण _____ है।**

(a) 5th metatarsal tubercle/मेटाटार्सल ट्यूबरकल
(b) Tallus/टैलस
(c) Medial malleolus/मध्यवर्ती गुल्फवर्ध
(d) Hallux/हैलक्स

**Ans. (a) :** पार्ष्णिका अक्षीय (calcaneal axial) व्यू का केंद्रण पाँचवा मेटाटार्सल ट्यूबरकल है। पाँचवा मेटाटार्सल पैर के पार्श्व भाग में स्थित होता है। ट्यूबरकल के पास पाँचवें मेटाटार्सल के आधार पर फ्रैक्चर आमतौर पर एक टेंडन खींचने वाली संरचना के कारण होता है। ये फ्रैक्चर आमतौर पर अच्छी तरह से ठीक हो जाते हैं।

**60. Which one of the following is not a mechanism of heat transfer? /निम्नलिखित में से कौन सा ऊष्मा अंतरण का तरीका नहीं है?**

(a) Convection/संवहन (b) Conduction/संचालन
(c) Flux/फ्लक्स (d) Radiation/विकिरण

**Ans. (c) :** फ्लक्स ऊष्मा अंतरण (heat transfer) का तरीका नहीं है। ऊष्मा मुख्य रूप से तीन विधियाँ- चालन, संवहन विधि एवं विकिरण द्वारा स्थानांतरित (transfer) होती है। चालन में ऊष्मा का स्थानांतरण ठोसों में अणुओं एवं परमाणुओं के परस्पर संपर्क में रहने के कारण होता है तथा इस प्रक्रिया में ऊष्मा एक अणु या परमाणु से होकर दूसरे नजदीकी परमाणुओं से मिलती है, जबकि परमाणु अपना स्थान नहीं छोड़ते हैं। द्रवों (liquids) में ऊष्मा का स्थानांतरण संवहन (Convection) द्वारा होता है द्रव के अणु स्वयं गति करते हुए ऊष्मा को स्थानांतरित करते हैं, जबकि विकिरण में ऊष्मा विद्युत चुम्बकीय तरंगों के माध्यम से किसी तप्त स्रोत से निकलकर प्रकाश की गति से आगे बढ़ती है।

**61. The ratio number of girls to boys in a school of 4500 students is 49:51. How many more girls should be admitted to make the ratio 1:1 ?**
**4500 विद्यार्थियों वाले एक विद्यालय में लड़कियों की संख्या का लड़कों की संख्या से अनुपात 49:51 है। कितनी और लड़कियों को दाखिल करना चाहिए जिससे यह अनुपात बदल कर 1:1 हो जाए?**

(a) 90 (b) 92
(c) 88 (d) 86

**Ans. (a) :** विद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या = 4500
लड़कियों और लड़कों का अनुपात = 49 : 51

$$\therefore \text{लड़कियों की संख्या} = \frac{49}{(49+51)} \times 4500$$

$$= \frac{49}{100} \times 4500 = 2205$$

$$\text{लड़कों की संख्या} = \frac{51}{100} \times 4500 = 2295$$

लड़कियों और लड़कों की संख्या में अन्तर =
2295–2205 = 90
इसलिए विद्यालय में 90 लड़कियों को दाखिल करने पर लड़कियों और लड़कों का अनुपात 1:1 हो जाएगा।

**62. The gray matter on the surface of the brain is called**
**मस्तिष्क की सतह पर ग्रे मैटर को_____ कहा जाता है।**

(a) Cortex/कॉर्टेक्स (b) Myelin/माइलिन
(c) Tract/ट्रैक्ट (d) Horns/होर्न

**Ans. (a) :** Gray matter मुख्य रूप से Neuron (तंत्रिका कोशिकाएँ) और Synapses से मिलकर बना होता है, इसमें Mylein sheath नहीं होता है जो इसे Gray रंग देता है।

Cerebral cortex brain के outer part को कहते हैं, और यह Gray matter से बना होता है। यह दिमाग के कुल वजन का लगभग 40% हिस्सा बनाता है।

Cortex की Thickest लगभग 2-4 mm होती है।

**63. What is called the time required for the satelite to complete one rotation?**
**उपग्रह द्वारा एक घूर्णन पूरा करने के लिए जितना समय लगता है, उसे क्या कहा जाता है?**

(a) Period of revolution/परिक्रमा की अवधि
(b) Period of force/बल की अवधि
(c) Period of motion/गति की अवधि
(d) Period of momentum/संवेग की अवधि

**Ans. (a) :** उपग्रह द्वारा एक घूर्णन पूरा करने के लिए जितना समय लगता है उसे परिक्रमा की अवधि कहते है। इसे T से प्रदर्शित करते है।

$$T = 2\pi\sqrt{\frac{Rh}{g}}$$

जहाँ, Rh = पृथ्वी तल से उपग्रह की ऊँचाई
g = गुरूत्वीय त्वरण
T = समय अवधि

**64. In mammography the automatic exposure control (AEC) detectors are positioned**
**मैमोग्राफी में, ऑटोमैटिक कंट्रोल ( AEC ) डिटेक्टर्स ____ लगाए जाते है।**

(a) In the X-ray tube/एक्स-रे ट्यूब में
(b) Below the compression pad/कंप्रेशन पैड के नीचे
(c) Behind the image receptor/इमेज रिसेप्टर के पीछे
(d) Above the image receptor/इमेज रिसेप्टर के ऊपर

**Ans. (c) :** मैमोग्राफी में ऑटोमैटिक एक्सपोज़र कंट्रोल (AEC) डिटेक्टर्स को आमतौर पर इमेज रिसेप्टर के पीछे स्थित किया जाता है। ये डिटेक्टर्स उस X-Ray विकिरण की मात्रा को मापते हैं, Breast tissue से होकर Image receptor तक पहुँचती है।

**65. In India, which of the following States has the highest number of National Parks?**
**भारत में, निम्न में से किस राज्य में सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यान हैं?**

(a) Punjab/पंजाब
(b) Tripura/त्रिपुरा
(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

**Ans. (d) :** भारत के मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय उद्यानों की संख्या सर्वाधिक है। मध्य प्रदेश में कुल 11 राष्ट्रीय उद्यान हैं।

1. वन बिहार राष्ट्रीय उद्यान
2. डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान
3. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
4. संजय राष्ट्रीय उद्यान
5. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
6. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान
7. कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान
8. ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान
9. पेंच राष्ट्रीय उद्यान
10. माधव राष्ट्रीय उद्यान
11. फासिल जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान

**66. Which of the following develops a tough coat and is gradually converted into a seed in plants?**
**निम्नलिखित में से क्या एक कठोर आवरण विकसित करता है और फिर एक वनस्पति बीज में परिवर्तित हो जाता है?**

(a) Embryo/भ्रूण
(b) Zygote/युग्मनज
(c) Ovule/बीजांड
(d) Pollen grains/पराग कण

**Ans. (c) :** बीजांड बीज वाले पौधो मे एक संरचना है जो मादा प्रजनन कोशिकाओं का निर्माण करती है और बीज में विकसित होती है।

**एक बीजांड निम्नलिखित भागों से बना होता है-**

- **अध्यावरण**- नाभिक के चारो ओर एक सुरक्षात्मक बाहरी आवरण। इसमें एक या दो परते होती है।
- **बीजाण्डकाय:-** बीजांड का सबसे बड़ा भाग, जिसमें, भ्रूणकोण और खाद्य ऊतक होते है।
- **भ्रूण थैली:-** इसे मादा युग्मकोद्भिद के नाम से भी जाना जाता है, यही पर अण्ड कोशिकाओं का निर्माण होता है और निषेचन भी होता है।

**67. The term "Leg Before Wicket" is associated with which game/sport?**
**''लेग बिफोर विकेट'' संज्ञा किस खेल/प्रतिस्पर्धा से संबंधित है?**

(a) Chess/शतरंज
(b) Cricket/क्रिकेट
(c) Volley Ball /वॉलीबॉल
(d) Football/फुटबॉल

**Ans. (b) :** लेग बिफोर विकेट (LBW) शब्द क्रिकेट खेल से सम्बन्धित है। यह क्रिकेट खेल में बल्लेबाज को आउट करने का तरीका है क्रिकेट से जुड़े अन्य शब्द कैच, रन आउट, लेग साइड, लांग आउट, थर्ड मैन, लांग ऑफ आदि है।

**68. Which of the following metals is in liquid state at room temperature?**
**निम्नलिखित में से कौन सी धातु कक्षीय तापमान पर तरल अवस्था में होती है?**

(a) Mercury/पारा
(b) Sulphur/सल्फर
(c) Coal/कोयला
(d) Sodium/सोडियम

**Ans. (a) :** पारा एकमात्र ऐसी धातु है, जो सामान्य कमरे के तापमान (लगभग 25°C) पर तरल अवस्था में रहती है। यह अपनी अद्वितीय भौतिक गुणों के कारण कई वैज्ञानिक उपकरणों जैसे- थर्मामीटर और बैरोमीटर में उपयोग किया जाता है।

**69. In this question, relationship between elements is shown in the statement. This statement is followed three conclusions. Assume the given statement to be true and choose the answer from the given options:**

**Statement: W = O > R ≥ I > E < D**

**Conclusions:**

**i) E < R**

**ii) I < O**

**iii) W > I**

**इस प्रश्न में दिए गए कथन में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है। कथन के बाद तीन निष्कर्ष दिए गए है। दिए गए कथन को सत्य मानें और दिए गए विकल्पों में से उत्तर चुनें:**

**कथन: W = O > R ≥ I > E < D**

**निष्कर्ष:**

**i) E < R**

**ii) I < O**

**iii) W > I**

(a) All follow/सभी तर्कसंगत है

(b) Only (iii) follows/केवल (iii) तर्कसंगत है

(c) Only (ii) and (iii) follow/केवल (ii) और (iii) तर्कसंगत है

(d) Only (i) and (ii) follow/केवल (i)और (ii) तर्कसंगत है

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार श्रृंखला निम्नलिखित है-

W = O > R ≥ I > E < D




(i) E < R

(ii) I < O

(iii) W > I

आरेख के अनुसार सभी तर्क संगत है

**70. Electromagnetic radiation.**
**विद्युत चुम्बकीय विकिरण _____**

(a) Has mono nature/एक प्रकृति का होता है

(b) Travels in a straight line/सीधी रेखा में चलता है

(c) Has particle nature only/केवल कण स्वभाव का होता है

(d) Does not follow the inverse square law/व्युत्क्रम वर्ग नियम का पालन नही करता है

**Ans. (b) :** विद्युत चुम्बकीय विकिरण (EMR) ऊर्जा का एक स्रोत है जो मुक्त स्थान या किसी भौतिक माध्यम से विद्युत चुम्बकीय तरंगों के रूप में प्रसारित होता है। विद्युत चुम्बकीय विकिरण में तरंग और कण दोनों गुण दिखते हैं। सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर विद्युत चुम्बकीय विकिरण के माध्यम से आता है। विद्युत चुम्बकीय विकिरण में रेडियो तरंग माइक्रोवेव, अवरक्त प्रकाश, दृश्य प्रकाश, पराबैंगनी प्रकाश, एक्स-रे और गामा किरण को शामिल किया गया है।

**71. Which one of the following is NOT an important component of contrast agents used in diagnostic imaging?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा नैदानिक इमेजिंग में उपयोग किए जाने वाला कंट्रास्ट कारकों का महत्वपूर्ण घटक नहीं है?**

(a) Molybdenum/मोलिब्डेनम

(b) Gadolinium/गैडोलीनियम

(c) Iodine/आयोडीन

(d) Barium/बैरियम

**Ans. (a) :** मोलिब्डेनम (molybdenum) का उपयोग कंट्रास्ट एजेंट के रूप में नहीं किया जाता है। इसे आमतौर पर विभिन्न अन्य उद्योगों में धातु के रूप में या परमाणु अनुप्रयोगों में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन "Diagnostic imaging" में इसका उपयोग नहीं होता है।

- जबकि Iodine and Gadolinium का उपयोग X-Ray, CT Scan और MRI में Contrast agent के रूप में किया जाता है।
- बेरियम (Barium) का उपयोग विशेष रूप से Digestive system के इमेजिंग (जैसे- Barium meal या Barium Enema) में होता है।

**72. Photocathodes convert**
**फोटोकैथोड्स _____ रूपांतरित करते है।**

(a) Light photons to electrons/लाइट फोटॉन को इलेक्ट्रान में

(b) Electrons to light photons/इलेक्ट्रान को लाइट फोटॉन में

(c) Light photons to X-ray/लाइट फोटॉन को एक्स-रे में

(d) X-ray to light photons/एक्स-रे को लाइट फोटॉन में

**Ans. (a) :** Photo cathods एक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं जो प्रकाश ऊर्जा (फोटॉनों) को विद्युत ऊर्जा (इलेक्ट्रॉनों) में परिवर्तित करते हैं। इनका मुख्य कार्य फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव द्वारा फोटॉनों को इलेक्ट्रॉनों में परिवर्तित करना। जब प्रकाश फोटोकैथोड की सतह पर गिरता है, तो यह इलेक्ट्रॉनों को उत्सर्जित करता है, जिन्हें बाद में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में प्रवाहित किया जा सकता है।

**73. Anatomy coils are used in MRI to**
**MRI में एनाटॉमी कॉइल का उपयोग ____ किया जाता है।**

(a) Increase the SNR/SNR बढ़ाने के लिए

(b) Decrease motion artefacts/मोशन आर्टिफैक्ट को घटाने के लिए

(c) Increase scan speed/स्कैन गति बढ़ाने के लिए

(d) Increase the SAR/SAR बढ़ाने के लिए

**Ans. (a) :** एनाटॉमिकल कॉइल्स का उपयोग MRI में उस अंग से या शरीर के क्षेत्र से बेहतर signal प्राप्त करने और इमेज की गुणवत्ता को सुधारने के लिए किया जाता है जिससे डॉक्टर को सटीक Diagnosis में मदद मिल सके। इनका मुख्य उद्देश्य-

- MR, Signal को Detect करना।
- इमेज की गुणवत्ता और रेजोल्यूशन आदि।
- SNR - Signal- to Noise Ratio

**74. Which one of the following statements is TRUE?/निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

(a) TLD badges should be used to asess occupational exposures only/टीएलडी (TLD) बैज का उपयोग केवल व्यवसायिक एक्सपोजर का आकलन करने के लिए जाना चाहिए।

(b) Two radiation workers may share a single TLD badge/दो विकिरण कर्मी एक टीएलडी (TLD) बैज को साझा कर सकते है।

(c) TLD badges can be worn at hip level/टीएलडी (TLD) बैज को कूल्हे तक पहना जा सकता है।

(d) Used TLD cards should be replaced every month with new ones/उपयोग किए गए TLD कार्ड को हर महीने बदलकर नया लेना चाहिए।

**Ans. (a) :** टी एल डी बैज या थर्मोल्यूमिनसेट डोसिमीटर बैज, एक उपकरण है जो विकिरण जोखिम को मापता है और विकिरण वाले वातावरण में काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की निगरानी करता है।

टी.एल.डी. बैज विकिरण ऊर्जा की एक श्रृंखला को माप सकते है,जिसमें एक्स रे, बीटा कण गामा किरणे, और कभी-कभी न्यूट्रॉन-विकिरण भी शामिल है।

**75. Which one is divided into the head, body and tail?**
**कौन सा अंग सिर, शरीर और पूंछ में विभाजित होता है?**

(a) Pancreas/अग्न्याशय (b) Gallbladder/पित्ताशय
(c) Liver/यकृत (d) Intestine/आंत

**Ans. (a) :** Pancreas (अग्न्याशय) शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो पाचन तंत्र और अंतःस्रावी तंत्र दोनों में भूमिका निभाता है, यह ग्रंथि पेट के पीछे, छोटी आंत के आरंभ में स्थित होती है, यह तीन भागों में विभाजित होता है।

1. Head, Body, Tail etc Pancreas के कार्य यह Exocrine and Endocrine दोनों Function करती है।

**76. $45^0$ MLO view of the breast is also called**
**स्तन की $45^0$ छवि को ____ नाम से भी कहा जाता है।**

(a) Waters view/वाटर्स छवि
(b) Lundgren's view/लुंडग्रेन्स छवि
(c) Rosenberg view/रोजनबर्ग छवि
(d) Judet's view/जडेट्स छवि

**Ans. (b) :** 45 डिग्री मीडियोलेटरल ऑब्लिक दृश्य एक मैमोग्राफिक प्रक्षेपण है, जो स्तन का चित्र लेने के लिए 45 डिग्री के कोण का उपयोग करता है।

एमएलओ दृश्य में पेक्टोरल मांसपेशी का हिस्सा और स्तन उतक की बड़ी मात्रा दिखाई देती है, जिसमें अक्षीय - क्षेत्र और पश्च स्तर शामिल है।

**77. What nutrient deficiency causes goiter?/किस पोषक तत्व की कमी घेंघा रोग का कारण बनती है?**

(a) Iodine/आयोडीन
(b) Protein/प्रोटीन
(c) Carbohydrate/कार्बोहाइड्रेट
(d) Calcium/कैल्शियम

**Ans. (a) :** Goiter (घेंघा) मुख्य रूप से आयोडीन की कमी के कारण होता है, आयोडीन एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो Thyroid Hormone (Thyroxine, $T_3$ और $T_4$ ट्राई आयोडो थायरोनिन), के उत्पादन के लिए जरूरी है। जब आयोडीन की कमी होती है, तो थायरॉइड ग्रंथि अधिक हार्मोन बनाने लगती है, जिससे Thyroid gland बड़ी हो जाती है। जिससे Goiter का Formation होने लगता है।

**78. The minimum aluminium filter thickness required in general diagonstic X-ray tubes ABOVE 100 kVp is-/ 100 kVp से अधिक सामान्य डायग्नोस्टिक एक्स-रे आवश्यक एल्यूमिनियम फिल्टर की न्यूनतम मोटाई ____ होनी चाहिए।**

(a) 1 mm (b) 2 mm
(c) 2.5 mm (d) 3.2 mm

**Ans. (c) :** 100 kVp से ऊपर संचालित एक सामान्य डायग्नोस्टिक एक्स-रे ट्यूब के लिए आवश्यक न्यूनतम कुल एल्युमिनियम निस्पंदन 2.5 मिलीमीटर है।

- 50 KVP से नीचे–0.5 मिलीमीटर-एल्युमिनियम
- 50–70 KVP – 1.5 मिलीमीटर-एल्युमिनियम
- 70 KVP – 1.5 मिलीमीटर-एल्युमिनियम
- 70 KVP से ऊपर – 2.5 मिलीमीटर-एल्युमिनियम

**79. Why bowel preparation is necessary for G.I studies?/G.I ( गैस्ट्रोइन्टेस्टाइनल ) अध्ययन के लिए पेट सफाई क्यों आवश्यक होती है?**

(a) To have better visualization of bowel/आंत का बेहतर दृश्य देखने के लिए

(b) to avoid air or bowel content mimicking pathologies/पैथोलॉजी परिणाम की शुद्धता बनाए रखने हेतु हवा या आंत्र सामग्री से बचने के लिए

(c) To avoid bowel content obstructive the anatomy/शारीरिक संरचना के अध्ययन मे बाधक बनने वाली आंत्र सामग्री से बचने के लिए

(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** G.I. (Gastrointestinal) अध्ययन के लिए आंतों की सफाई (Bowel preparation) आवश्यक है, और इसके मुख्य कारण है।

1. आँतों को बेहतर दृश्य देखने के लिए।
2. पैथोलॉजी परिणाम की शुद्धता बनाए रखने हेतु Air या bowel content से बचने के लिए।
3. शारीरिक संरचना के अध्ययन में बाधक (obstructed) बनने वाली bowel content से बचने के लिए। आदि।

**80. On dividing a number by 483, we get as remainder. On dividing the same number by 69, what will be the remainder?**
**किसी संख्या को 483 से विभाजित करने पर हमें शेषफल 68 प्राप्त होता है। उसी संख्या को 69 से विभाजित करने पर शेषफल क्या होगा?**

(a) 38 (b) 68
(c) 58 (d) 48

**Ans. (b) :** दिया है,

भाजक = 483

शेषफल = 68

$\therefore$ भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल

$= 483x + 68$

483, 69 का गुणज है

$\therefore$ $x = 1,2,3,4,.....$

$x$ का मान 1 लेने पर

भाज्य = 483 + 68

भाज्य = 551

शेषफल = $\frac{551}{69} = 7\frac{68}{69}$

= 68

**81. Energy of an electromagnetic radiation is directly proportional to the**
**विद्युत चुम्बकीय विकिरण की ऊर्जा प्रत्यक्ष रूप से _____ के आनुपातिक होती है।**

(a) Period/अवधि
(b) Distance from the point source/बिंदु स्रोत से दूरी
(c) Wavelength/तरंगदैर्ध्य
(d) Frequency/आवृत्ति

**Ans. (d) :** विद्युत चुम्बकीय विकिरण की ऊर्जा, उसकी आकृति के सीधे समानुपाती होती है। विद्युतचुम्बकीय विकिरण की ऊर्जा और आवृत्ति के बीच सम्बन्ध इस समीकरण से दर्शाया जा सकता है।

$$E = hv$$

इस समीकरण में h प्लांक का नियतांक है। इस समीकरण मे पता चलता है कि जब आवृत्ति बढ़ती है, तो विद्युत चुंबकीय विकिरण की ऊर्जा भी बढ़ती है।

**82. Grids are used to**
**ग्रिड का इस्तेमाल ____ के लिए किया जाता है।**

(a) Collimate the primary X-ray beam/प्राथमिक एक्स-रे बीम का संरेखन करने
(b) Focus the primary X-ray beam/प्राथमिक एक्स-रे बीम का फोकस करने
(c) Remove scattered radiations/प्रकीर्णित विकिरण को हटाने
(d) Reduce the patient radiation dose/रोगी की विकिरण खुराक कम करने

**Ans. (c) :** ग्रिड का उपयोग रेडियोग्राफी (चिकित्सीय इमेजिंग) में निम्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

जैसे-

(a) स्केटर विकिरण को कम करना।
(b) छवि का कंट्रास्ट सुधारना।
(c) स्पष्ट और तेज इमेज प्राप्त करना आदि।

**83. By selling a CPU for Rs. 7935, a man makes a profit of 15%. At what price should he sell it to make a profit of 25%? (in Rs.)**
**एक CPU को Rs. 7935 में बेचने पर एक व्यक्ति 15% का लाभ प्राप्त करता है। 25% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे यह किस मूल्य पर बेचना चाहिए? ( रु. में )**

(a) 8725 (b) 8825
(c) 8525 (d) 8625

**Ans. (d) :** दिया है,

$5P_1 = 7935$

प्रथम लाभ% = 15%

द्वितीय लाभ% = 25%

$\therefore$ $\frac{(5P_1)}{(5P_2)} = \frac{115}{125}$

$\frac{7935}{(5P_2)} = \frac{23}{25}$

$(5P_2) = \frac{7935 \times 25}{23}$

$= 345 \times 25$

$(5P_2) = 8625$

**84. Which one of the following methods is used to reduce the patient x-ray dose?**
**रोगी का एक्स-रे डोज कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा तरीका अपनाया जाता है?**

(a) Decreasing the pitch in CT/सीटी (CT) में पिच घटा देना
(b) Using a grid with a high grid ratio/उच्च ग्रिड अनुपात वाले ग्रिड का उपयोग करना
(c) Using small X-ray field sizes/लघु आकार के एक्स-रे फील्ड का इस्तेमाल करना
(d) Using more mAs/mAs का अधिक इस्तेमाल करना

**Ans. (c) :** रोगी की X-Ray dose को कम करने के लिए निम्न तरीकों का उपयोग किया जाता है।

1. लघु आकार के X-Ray Field का उपयोग करना।
2. लीड शील्ड्स का उपयोग।
3. कोलिमेशन।
4. उपर्युक्त एक्सपोजर सेटिंग्स।
5. डिजिटल रेडियोग्राफी का उपयोग आदि।

**85. TLD badge should be won**
**टीलडी (TLD) बैज को _____ पहनना चाहिए।**

(a) Below the lead apron/लेड एप्रन के नीचे
(b) Without the cassette/कैसेट के बिना
(c) At hip level/कूल्हे तक
(d) Above the lead apron/लेड एप्रन के ऊपर

**Ans. (a) :** TLD (Thermoluminescent dosimeter) बैज एक डिवाइस है जो व्यक्ति को विकिरण के संपर्क में आने पर Exposure को मापने के लिए उपयोग किया जाता है। इसे मुख्य रूप से Radiology Department विकिरण चिकित्सा, और अन्य रेडिएशन-आधारित कार्यों में काम करने वाले व्यक्तियों द्वारा, लेड एप्रन के नीचे पहना जाता है। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति द्वारा अवशोषित विकिरण Dose की देखभाल करना।

**86. Which of the following is a contraindication to performing a small bowel follow-through study?/निम्नलिखित में से कौन-सा एक छोटी आंत फॉलो थ्रू स्टडी करने के लिए दुष्प्रभावकारी है?**

(a) Esophageal varices/एसोफिजल वैरीसेज
(b) Pheochromocytoma/फियोक्रोमोसाइटोमा
(c) Complete or high grade obstruction/पूर्ण या उच्च ग्रेड की बाधा
(d) Leukemia/ल्यूकेमिया

**Ans. (c) :** पूर्ण या उच्च ग्रेड की बाधा (Complete or High obstruction) यह स्थिति तब होती है जब intestine में किसी कारण वश सामग्री का प्रवाह रूक जाता है, जो Intestine के कार्य को प्रभावित करता है।

- फॉलो थ्रू अध्ययन में, बेरियम या अन्य कंट्रास्ट सामग्री का उपयोग किया जाता है, और अगर आंत में कोई obstruction हो तो यह स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। पूर्ण या उच्च ग्रेड की बाधा के कारण आंत में दबाव बढ़ जाता है, जो अंततः Intestine rupture का कारण बन सकता है।

**87. What is the symbol of the element Gallium?**
**गैलियम तत्व का प्रतीक क्या है?**

(a) GI (b) Ga
(c) Gm (d) G

**Ans. (b) :** गैलियम तत्व का प्रतीक Ga है। गैलियम एक रासायनिक तत्व है, जिसकी परमाणु संख्या 31 है, और इसका परमाणु द्रव्यमान 69.723 है।

**गैलियम कि विशेषता :**

- गैलियम एक धातु है।
- इसका पिघलने का बिन्दू 29.76°C है।
- इसकी कठोरता कम होती है।
- यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर में उपयोग किया जाता है।

**88. Spectral sensitivity refers to the colour sensitivity of /वर्णक्रमीय संवेदनशीलता का तात्पर्य ____ की रंग संवेदनशीलता से है।**

(a) Radiographic films/रेडियोग्राफिक फिल्म
(b) Cassettes/कैसेट
(c) Intensifying screens/इटेंसिफाइंग स्क्रीन्स
(d) Safelight filters/सेफलाइट फिल्टर्स

**Ans. (a) :** स्पेक्ट्रल सेंसिटिविटी (वर्ण संवेदनशीलता) का तात्पर्य Radiographic Films की रंग संवेदनशीलता से है। आँखों में मौजूद फोटोरिसेप्टर्स (प्रकाश संवेदी कोशिकाओं) की रंगों के प्रति संवेदनशील होते हैं। ये Photoreceptors रॉड्स और कोन्स होते हैं। कोन्स रंगों को पहचानने के लिए जिम्मेदार होते है। और विभिन्न प्रकाश तरंगों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

**89. Minors can be treated (EXCEPT IN SPECIAL INSTANCES)/नाबालिगों का इलाज ____ किया जा सकता है। ( विशेष मामलों को छोड़कर )**

(a) With the consent of the pediatrician and parents/शिशु-चिकित्सक और माता-पिता की सहमति से
(b) Only with the consent of their parents/केवल उनके माता-पिता की सहमति से
(c) Without any consent/बिना किसी सहमति के
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (b) :** सामान्यतः नाबालिगों का इलाज बिना माता-पिता या अभिभावक की सहमति के नहीं किया जा सकता, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में इनका इलाज किया जा सकता है।
जैसे- आपातकालीन स्थिति।
मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं
गर्भावस्था, यौन स्वास्थ्य और गर्भपात से संबंधित मामलों में आदि।

**90. Intra-oral X-ray imaging uses**
**इंट्रा-ओरल एक्सरे इमेजिंग में ____ इस्तेमाल होता है।**

(a) Single coated films/सिंगल कोटेड फिल्मों का
(b) Double coated films/डबल कोटेड फिल्मों का
(c) High energy X-rays/हाई एनर्जी एक्स-रे का
(d) Curved cassettes/वक्र कैसेट का

**Ans. (b) :** इंट्रा-ओरल एक्स-रे इमेजिंग में डबल कोटेड फिल्मों का उपयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि यह कई Benefits प्रदान करती है।
जैसे-

1. बेहतर संवेदनशीलता।
2. छवि की गुणवत्ता में सुधार।